किस्म का काम लगा था अपने भाब्दों में भाूद्र कहीं कमीन कहा और आहिस्ता–आहिस्ता वे आदमी भी जो उस समाज के अंग थे अपने आपको यह समझने लगे कि हम गरीब है, कमीन है भाूद्र हैं । यह पैसा प्रधान समाज उनके भाोशण के लिये अलग अलग तरीके निकालता रहा और एक समय ऐसा आया जब यह कहा गया कि आपका गरीब होना, आपका समाज में कमजोर होना भगवान की देन है। यह आपके कर्मो में लिखा था कि आप गरीब हों। यह सब इसिलये कहा गया ताकि भाोशण से दुखी होकर वे लोग कहीं कान्ति न कर दें और भाोशण करने वालों को उनके स्थानों से बाहर न फैंक दें। यही कारण था कि आगे आने वाले समय में भी जब धर्म का असर खत्म होता गया यह कहा गयाकि राजा महाराजा और भाहन ााह के मुंह से निकला हुआ वाक्या कानून है, ला है और उसको मानना भी प्रकृति का नियम है। इसे अगर कोई नहीं मानेगा तो कानून की उल्लंघना होगी। हतो इस प्रकार से समाज का भाोशण चलता रहा। लेकिन इस दे ा के अन्दर जब 1885 में कोंग्रेस पार्टी वजुद में आई तो उसका उद्दे य इस प्रकार के भाोशण को खत्म करना भी था। महात्मा गांधी जी जब सकिय रूप से कांग्रेस में भाामिल हुये तो उन्होने कांग्रेस पार्टी के प्लेटफार्म से दे ा को एक नारा दिया था कि इस दे ा के गरीब हरिजन, इस दे ा की गरीब पिछडी जातियों के लोग अपने हक के लिये लड़ना सीखें और संघर्श करना सीखें। इसके बावजूद, आज मेरी बहिन कमला वर्मा यह कह रही थी कि कांग्रेस ने तीस साल के भाासन में गरीब बेकवर्ड क्लासिज के लिये क्या किया? मैं

उनको बताना चाहता हूं कि यह कांग्रेस की ही देन थी, यह महात्मा गांधी जी की ही देन थी, कि आज इस दे ा के अन्दर बिरला, टाटा और डालमिया की भी एक वोट है,, प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी को भी एक वोट का हक है और इस दे ा के गरीब से गरीब आदमी को भी एक बोट का हक है। (विधन) सभापति महोदय मेरे साथी कह रहे है कि इस वोट का फायदा नहीं है? सन 1947 से पहले भी चहां पर वोट पडते थे और असैमबली भी थी लेकिनउस टाईम पर आप में से कौन से मेरे साथी थे जो गरीब हरिजन थे और उन्हे इस सभा में कदम रखने का हक था। यह सब कांग्रेस पार्टी की देन है। इस प्रजातांत्रिक ढांचे को महात्मा गांधी ने खड़ा किया, दे ा में आन्दोलन चलाया तब इन गरीबों को वोट डालने का हम मिला। (विधन)

श्री जय नारायण वर्माः आन ए प्वांयट आफ आर्डर सर। सभापति महोदय, इन्होने अपनी स्पीच में महात्मा गांधी जी का जिक्र किया है। राश्ट्रपिता का इस तरह से नाम लेना उचित नहीं। महात्मा गांधी किसी एक पार्टी की बपोती नहीं है। महात्मा गांधी राश्ट्रपिता है, स्वंतत्रता संग्राम के सेनानी थे ।उन्होने भारत में स्वंतत्रता संग्राम का आन्दोलन चलाया था। (विधन)

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः सभापति जी, जय नारायण जी कहते है कि महात्मा गांधी जी किसी भी पार्टी में नही थे लेकिन वे मानेगें कि बैकवर्ड और हरिजनों को वोट का हक तो उन्होने ही दिलवाया था। वर्मा जी स्वंय जिन्दगी भर उनके नारे लगाते रहे

है और आज हाउस में महात्मा गांधी का विरोध कर रहे हैं (विघन)

श्री जय नारायण वर्माः महात्मा गांधी जी ने तो भारत स्वंतत्र होने के प चात कहा था कि कांग्रेस पार्टी को तोड़ दिया जाये। (विधन)

श्री जगन नाथः चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा इन भाइयों से पूछना चाहता हूं कि क्या उधर लोकदल में सभी भूद्र बैठे हुये है? (हंसी)

श्री सुरेन्द्र सिंहः सभापति जी, मैं आपके द्वारा अपने साथी से पूछना चाहता हूं कि अगर वे महात्मा गांधी को राश्ट्रपिता मानतेक है तो क्या इन्होने उनकी इज्जत रखी? इन लोागों ने तो महात्मा गांधी की समाधि पर सौगन्ध खा कर दे ा और समाज को धोखा दिया है। (विधन)

श्री सभापतिः मेरी सभी सदस्यों से प्रार्थाना है कि जब कोई ामननीय सदस्य बोल रहा हो तो उसके बीच में टोका–टाकी न करें।

चौधरी गंगा रामः आन ए प्वांयट आफ आर्डर सर। चेयरमैन साहब अभी हमारे माननीय सदस्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हरिजनों को राईट आफ वोट दिया लेकिन मैं उनको यह बताना चाहता हूमं कि संविधान के निर्माताओं ने हरिजनों को

राईट आफ वोट दिया था। संविधान की निर्माता कांग्रेस पार्टी नहीं थी। उसमें सभी दलों के मैंबर थें।(विघन)

श्री सभापतिः यह कोई पंवायट आफ आर्डर नहीं है।

चौधरी गंगा रामः चेयरमैन साहब, मैं तो यह कह रहा हूं कि कांस्टीच्यूंऐट असैम्बली में सभी पार्टियों के सदस्य थे खाली कांग्रेस के ही नही थें। उन्होने यह भी कहा कि महात्मा गांधी की समाधि पर औथ ले कर आये थे फिर जनता के साथ धोखा किया। (विघन)

श्री सभापतिः आप बैठ जाइये। यह कोई प्वांयट आफ आर्डर नहीं है।

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः सभापति महोदय, मैं बता रहा था कि जो सामाजिक विशमता सदियों से चली आ रही है वह किस तरह से बढी और किस तरीके से गरीब लोागों का पिछडे वर्ग का भाोशण होता रहा। वे बातें आज तक भी समाज के अन्दर खत्म नही हुई है लेकिन मैं सदन के सामने एक बात अव य कहना चाहता हूं कि इस सदन में चार भाई बैकवर्ड क्लास के एम0एल0एज है, अगर उनकी आर्थिक व्यवस्था देखी जाये तो वे बैकवर्ड क्लास के बडे लोगों मे आते है। उना स्टैटस अन्य बैकवर्ड लोगों से काफी उंचा है। मुझे चौधरी देसराज और श्री रामकि ान जी का पता है कि उनके पास सैकडों एकड जमीन हैं इसी प्रकार

श्री जय नारायण वर्मा जी के पास जो दो–तीन कारें और कोठियां है उनका किसी कों पता ही नहीं ।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण

श्री जय नारायण वर्मा द्वारा–

श्री जय नारायण वर्माः आन ए पर्सनल ऐक्सप्लेने ान , सर। सभापति महोदय , इस सदन के सामने मेरे साथी ने मेरे बारे में जो भाब्द कहे है वे गलत है। उनको या तो ये साबित करें नहीं तो मैं उनको चैलेन्ज करता हूं कि अगर यह बात सही हुई तो मैं हाउस से इस्तीफा दे दूंगा और गलत हुई और व साबित न कर सके तो वे इस्तीफा देदे। (विधन)

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः आदरणीय साथी ने अभी कहा कि मैं इस बात को साबित करूं। चेयरमैन साहब, मैं इनकी इस बात को भी साबित कर सकता हूं और अन्य बातें भी साबित कर सकता हूं। कि इन्होने खादी बोर्ड के अन्दर किस तरह से काम किया है। ये सभी बातें मैं साबित कर सकताहूं। (ाोर)

श्री जय नारायण वर्माः मैं हाउस में चैलेन्ज करात हूं कि उनको साबित किया जाये।

श्री बलदेव तायलः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। क्या किसी आदरणीय साथी के बारे कोई ऐसप ान कासट कर सकता है जबकि उसके पास कोई सबूत न हो? मेरी आपसे

गुजारि ा है कि जो कुछ मेरे साथी बीरेन्द्र सिंह जी कहा है उसको ऐक्सपंज कराया जाये।

श्री सभापतिः हम इसे रिकार्ड से ऐग्जामिन करा लेगें।

श्री जय नारायण वर्माः चेयरमैन साहब यह बात गलत हैं । इस इ ा को प्रिक्लेज कमेटी में दिया जाये।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): मैं दोनो तरफ के सदस्यों से प्रार्थना करना चाहता हूं कि वे मर्यादा में रहे। जो भी बात हम3 हाउस में करे उसको मर्यादा में रह कर करें। सभापति महोदय, यह बात प्रिवलेज कमेटी में देने वाली नही ंहै। इसलिये ं हम हाउस की मर्यादा को ध्यान में रख कर, अनु ाासन में रह कर ही बात करें।

श्री सभापतिः इस मामले को ऐग्जामीन करा लेगे।ं

श्री बलदेव तायलः सभापति जी इसमें ऐग्जामीन करने की कोई लम्बी चौडी बात नहीं है। आप भी इस सदन के आदरणीय सदस्य है। आपको यह भली भांति विदित है कि जब भी इस किस्म के पर्सनल रिमार्क्स होते है या किसी सदस्य पर ऐलीगे ानज लगाये जाते है तो उनको उसी समय ऐक्सपंज करने के आर्डर कर दिये जाते है। मेरी तो केवल इतनी दरखास्त हैकि आप रूल्ज कि किताब अभी मंगा कर देख ले। उसके बादआप अपनी जो रूलिंग देगें वह हमें स्वीकार होगी। (विधन)

श्री सभापतिः इसको हम ऐग्जामीन करवा लेगें।

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः सभापति महोदय मैंने कोई ऐसी बात नहीं कही जिससे मेरे साथी को दुख हो और न ही मेरी कोई ऐसी मं ाा थी।

श्री सभापतिः मेरी सभी साथियों से प्रार्थना है कि किसी सदस्य के बारे में सर्वनल बात न कहे और यह मामला ड्राप्ड समझा जायें।

चौधरी बीरेन्द्रसिहं : चेयरमैन साहब, मेरे साथी के पास अपनी कार और अपना मकान है। मैने तो वह बात सिर्फ इसलिये कही थी कि समाज में जो गरीब वर्ग है, पिछडा वर्ग है उसमें से कुछ लोग जो उपर उठे है, वे लोक दल के नेता है। चोधरी देवी लाल जी को आप ले लीजिए वे लोक दल के नेता क्यों है? क्योंकि उनके पास पांच सौ एकड जमीन है। चौधरी संत कंवर और चौधरी गंगा राम को नता क्यों नहीं माना जाता क्योकि उनके पास जमीन बहुत थोडी है। (ाोर)

श्री सभापतिः मेरी सभी साथियों से फिर प्रार्थना है कि वे किसी के बारे ंमें पर्सनल बात न करें। (विधन)

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः चेयरमैन साहब, मेरे साथी नेअभी हाउस में कहा है कि चौधरी देवी लाल को इसलिये नेता माना जाता है कि उनके पास बहुत जमीन है और चौधरी गंगा राम तथा चौधरी संत कंवर को इसलिये नेतानहीं माना जाता है

क्योंकि उनके पास बहुत थोडी जमीन है लेकिन उनको यह भी पता है कि सर छोटूराम के पास तो केवल दो एकड जमीन भी नहीं थी लेकिन सारे ज्वांयट पंजाब में, सारे दे ा में उनको नेता मानते थे जबकि उनके धेवते के पास चार सौ या पांच सौ एकड जमीन है लेकिन उसको अपने गांव के अन्दर भी नेता नहीं मानते है। (ाोर)

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः सभापति महोदय, उन्होने कहा कि मेरे पास पांच सौ एकड जमीन है लेकिन यह बात ठीक नहीं है मेरे पास तो छः सात एकड जमीन है। मैं तो बहुत गरीब आदमी हूं (विघन)

गैर–सरकारी संकल्प (पुनरारम्भ)

चौधरी बीरेन्द्रसिंह : सभापति महोदय , मैं यहकह रहा था कि समाज का गठन पंजीपति समाज में ऐसा हुआ कि आज भी अगर अखबारों में यह खबर निकाल दी जाये कि बिडला साहब की फैक्ट्रियों का ने ानेलाईजे ान किया जा रहा है तो रेहडी जगाने वाले लोग या अन्य बिरादी के लोग यह कहेगे कि बिडला साहब के साथ अन्याय हो रहा है हालांकि उससे उनको फायदा ही होगा। समाज के अन्दर कुछ लोागों न समाज के दिमाग को खरीदा हुआ है। समाज की सारी सम्पति के दो तिहाई भाग के वे मालिक बने हुए है। उन लोगों नेगरीबों की आवाज को दबाया

हुआ है। उनके जो मानव अधिकार हैउनसे वंचित कररखा है। (विधन) मैं श्री जय नारायण वर्मा जी द्वारा जो प्रस्ताव यहां हाउस में पे ा किया गया है उसका समथ्रन करने के लिये खडा हुआ हूं तो मेरा सूझाव यह है कि उन्होने जो कार्पोरे ान की बात कही है वह बात बिलकुल दरूस्त कही है। हरियाणा की एक तिहाई जनसंख्या बैकवर्ड क्लासिज से संबंध रखती है। यह संख्या हरिजन भाइयों की सख्ंया से भी ज्यादा है। सभापति महोदय, यह ठी कहै कि पिछले 10 सालों सेहरिजन कल्याण निगम बना हुआहै लजेकिन इस निगम ने हरिजनों की जितनी सेवा करनीचाहिये थी, वह नही की। अगर मुख्य मंत्री महोदय यह मानते है कि बैकवर्ड क्लास के लिये भी निगम बनाया जाये तो उसके बारे में मैं यह कहूंगा कि उस निगम में धन के साधन इतेने हो कि ज्यादा से ज्यादा बेकवर्ड लोागों को कर्जा दिया जा सके। ताकि वे अपने रोजगार के साधन बढा सके और समाज में जो उनको अधिकर मिलनेचाहिये वे मिलसकें। हरियाणा सरकार ने बैकवर्ड क्लासिज के लिये एक कमेटी कागठन कियाहै। इसकमेटी के अन्दर 3 मंत्री भाामिल किये गये है। भाायद री मेहर सिंह राठी इस कमेटी के अध्यक्ष हैं इस कमेटी के अन्दर किसी भी बैकवर्ड क्लास का आदमी नहीं लिया गया है। इस कमेटी ने यह देखना है कि कौनसी ऐसी जातियां है जो पिछडी जातियों से बिलौग करती हे ताकि जिनको अभी तक बैकवर्ड क्लासिज की लिस्ट में भाामिल नहीं किया गया है उनको उसमें सम्मिलित किया जासकें। सभापति महोदय, मैं आपके द्वारा सरकार से निवेदन कंरूगा कि इस कमेटी के अन्दर बैकवर्ड क्लास

को अव य प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिये क्योकि ये तीनों मंत्री बैकवर्ड क्लास से संबंध नहीं रखते। मैं यह चाहता हूं कि इस कमेटी के अन्दर बैकवर्ड क्लास का कोई एम.एल.ए. या दूसरा कोई पब्लिक का नुमायन्दा जो कि बैकवर्ड क्लासिज के बारे में जानकारी रखता हो अव य भामिल किया जाये। इन भाब्दों के साथ सभापति माहोदय मैं यह कहूगां कि हमारे आदरणीय सदस्य डा0 मंगल सैन जी नेएक बात बडी बढा चढा कर कही कि जनता सरकार ने 10 परसैन्ट की रिजर्वे ान की थी। सभापति महोदय मैं आपके जरिये अपने साथियों को यह बताना चाहताहूं कि सन 1976 के अन्दर कांग्रेस पार्टी नेयह फैसला किया था कि बैकवर्ड क्लासिज की रिजर्वे ान को बढायाजाये। चेयरमैन साहब सन 1977 मे चुनावहो गये। कांग्रेस पार्टी की जो नीतियां थी, उसको मद्देनजर रखते हुये हमारे आदरणीय मुख्य मंत्री महोदय ने 10 परसैन्ट की रिजर्वे ान कर दी। इसके लिये मै। उनका स्वागत करता हू।(ाोर)

चेयरमैन साहब, ये लोग जनतापार्टी के राज की बातें करते हैं इन की जनता पार्टी केतो सिर्फ 11 ही सदस्य है और जो ये चार सदस्य है ये तो ऐसे ही हैं क्योंकि ये कांग्रेस की विचारधारा के हैं । कांग्रेस पार्टी की ही नीतियों का वेसमर्थन करते है। (ाोर) बाकी तो सब जनसंघ घटक रह गयाहै। (ाोर एवं व्यवधान)

सभापति महोदय, जो प्रस्ताव मेरे साथीजय नारायण वर्मा जी ने रखा है, इसका इनके पीछे जो साथी बैठे है उन्होने विरोध किया है। वेदिमागी तौर से तैयार नहीं है कि गरीब लोग जो कि समाज में पिसे हुये है, वे भी उपरउठ सकें। हम चाहते है कि समज का भाोशीत वर्ग किसी न किसी तरह से उपर उठ सके। इस प्रस्ताव पर मेरा पूरा वि वास है और में यह कहना चाहता हूं कि सरकारइस पर अमल करें। इस बात को मद्देनजर रखते हूये बैकवर्ड क्लास को सुविधाएं देने के बारे में जो बातें यहां आयी है उनका ध्यान रखते हुये वे सारी सुविधाएं उनको दी जाये।।

श्री मुल चन्द जैन (संभालखा): चेयरमैन साहब, मैं सिर्फ दो मिनट लेना चाहता हूं । सबसे पहले मैं आपका भाुक्रिया अदा करता हूं कि आपनेमुझे बोलने की इजाजत दी है। यह जो हाउस में प्रस्ताव रखा गया है इसका हमारेलोकदल के सभी साथियों नेसमर्थन किया हैं मुझे पता लगा है कि हमारे साथी श्री हरस्वरूप बूरा ने इसका विरोध किया है। यह उनकी निजी राय हो सकती हैजैसा कि रूलिंग ग्रुप के भी किसी साथी की हो सकती हैं मगर लोकदल बतौर संस्था इस प्रस्ताव केहक में है।

चौधरी जगजीत सिह पोहलू: आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। चेयरमैन साहब, 30 साल हो गये है बाबू मूलचन्द जैन जी एम.पी., एम.एल.ए. और मिनिस्टर रहे है। मैं इनसे पूछना

चाहता हूं कि इन्होने कांग्रेस सरकार में रहते हुये यदि बैकवर्ड क्लासिज की कोई भलाई की हो , वह बता दें (विघन)

श्री मूल चन्द जैनः चेयरमैन साहब, चीफ मिनिस्टर साहब ने यह जो एलान किया है कि रजर्वे ान पांच परसैन्ट से दस परसैन्ट कर दी गई है यह उस समय किया था जिस समय वे जनता पार्टी में थे। मै। किसी कन्ट्रोवर्सी में नहीं जाना चाहता। किसी ऐसी कन्ट्रोवर्सी में पडने का कोई फायदा नहीं है। अब वे कांग्रेस में आ गये। अब उनको बैक्वर्ड क्लासिज की रिजर्वे ान 15 प्रति ात कर देनी चाहिये। हकीकत यह है कि हमारे दे ा में जो पिसनेवाले हरिजन भाई है या बैकवर्ड क्लास के भाई है। वे हजारों वर्शो से पिसते आ रहे है। मैने संविधान की 45वीं रैटीफिके ानके सं ाोधन पर बोलते हूये यह कहा था कि वेल्यूज कासवाल है। (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुये)

हमारे लिये यह सौभाग्य की बात है कि महर्शि दयानन्द और गुरू नानक देव जी से लेकर गुरू गोबिन्द सिंह जी तक सभी गुरूओं नें उन वैल्यूज को बदले की कोि ा ा की है। उसी का परिणाम है कि महर्शि दयानन्द और महात्मा गांधी जी की इसतालीम की वजह से इस दे ा के उच्च वर्ग के बे ाुमार लोगों के दिमाग में यह भावना जागृत हुई कि इन गरीब हरिजनों और बैकवर्ड लोगों के प्रति भी सदभावना होनी चाहियें। यह सदभावना कही कहीं पर या कुछ क्षेत्रों में ईर्श्या की भावना पैदा हो सकती है। लेकिन जैसे मैने कहा कि लोकदल बतौर पार्टी के इस प्रस्ताव

की हिमायत करता है और किसी व्यक्ति को इस बात की गलतफहमी नहीं रहनी चाहिये कि लोक दल इस प्रस्ताव काविरोध करताहै ं। कोई एक व्यक्ति हम में से भी इस प्रस्ताव का विरोध कर सकता है और कोई एक व्यक्ति आप में से भी कर सकता है। (व्यवधान व भाोर) तो स्पीकरसाहब, मैं ज्यादा समय न लेते हुये मुझे जो बोलने के लिये समय दिया गयाउसमें बोलते हुये और आपका ध्न्यवाद करते हूये यही कहना चाहता हूमं कि हम इस प्रस्ताव की हिमायत करते है ओर मुझे यह वि वास है कि सारे भाई इस प्रस्ताव की हिमायत करेगें अैर यह सर्वसम्मति से पास होगा।

श्री जगननाथः स्पीकर साहब, मे ंआपसे यही कहना चाहता हूं कि इस प्रस्ताव पर काफी बहस हो चुकी है और मंत्री जी ने भी अभी जवाब देना है। इसके अलावा एक और दूसरा प्रस्ताव भी है। अगर यह प्रस्तावऐसे हीचलता रहा तो वह तो रह ही जायेगा वह प्रस्ताव चूंकि खास कर मेरे महकमें से सम्बन्धित हैइसलिये मैंआपसे यह रिकवैस्ट करूंगा कि अब इस पर और जयादा डिस्क ान अलाउ नहीं करनी चाहिये। (व्यवधान एवं भाोर)

श्री अध्यक्षः देखिये, यह प्रस्ताव मेरा ख्याल यह है कि पौनेदस बजे भाुरू हुआ था अब तक इस परडिस्क ान होते हुये पौने दो घंटे हो गये है। मैं हाउस की इस मामले मेंसैन्स लेना चाहूंगा कि कितनी देर तक यह प्रस्ताव और चलना चाहिये।

आवाजें: कम से कम आधा घंटे का टाईम तो जरूर चलना चाहिये।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण

चौधरीराम कि ान द्वारा

चौधरी रामकि ानः आन ए प्वांयट आफ पर्सनल एक्सपलेने ान सर। स्पीकरसाहब, जिस समय मैं चेयर पर बैठा हुआ था तो एक माननीय सदस्य चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने मुझ पर यह ऐलीगे ान लगाया था कि इके पास सैकडों किल्ले जमीन है। मैं आपकी मार्फत माननीय सदस्य को और सारे हाउस को यह बताना चाहता हूं कि मेरे पास सैकडों किल्ले जमीन नहीं है मेरे पासजितनी लैंड परमीसिबल हैं उतनी ही है।

गैर–सरकारी संकल्प (पुनरारम्भ)

चौधरी हुक्म सिंह (दादरी): स्पीकर साहब, मेरे साथी श्री जय नारायण वर्मा ने जो प्रस्ताव हाउस में पे ा किया है, मैं उसका समर्थन करने के लिये खडा हुआ हूं। कांग्रेस पार्टी के राज में , 32 साल के भाासन में बैकवर्ड क्लासिज का इतना भाोशण हुआ है कि मेरे ख्याल से अतना किसी दूसरी जाति का नहीं हुआ होगा। ये जो दस्तकार आदमी थे, इनकापे ाा था लकडी का काम करना लोहेका काम करना, बर्तन बनाने का काम करना। आज हमारे भाई चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी बहुत बढ चढ करबातें कर रहे थे लेकिन मैं इनसे यह पूछना चाहता हूं कि 32 साल के कांग्रेस

पार्टी के राज में जब इनको मिटटी में मिलाया गया, उस वक्त आप लोग कहां थे? उनके जो धन्धे थे, उनका जो काम था, वह उनसे छीनकर बडे–बडे कारखानेदारों टाटा और बिरला को दे दिया गया और इन लोागों को बेकार बना दिया गया। अगर यह बैकवर्ड क्वालसिज का कुछ भला करना चाहते तो कांग्रेस पार्टी के राज में यह काम टाटा हऔर बिरला को न देते। कांग्रेस पार्टी की सरकारउनको कर्जे देती ताकि वे छोटे मोटे कारखाने लगासकें मगर इनका कामतोउनकोबेकार करना था। आज यह कांग्रेस पार्टी द्वारा उनकोउपरउठाने की बात कहते हैंआज यहउनके लिये रिजर्वे ान की बात करते है। कांग्रेस पार्टी के राज में ये उनके लिये रिजवे ान की बात कहां भूले बैठे है? उस समय इनको रिजर्वे ान याद नहीं आयी। इतना तो भाुक नहीं करते कि जनता पार्टी ने इनके लिये 10 प्रति ात रिजर्वे ान कर दी है। मैं तो यह कहनाचाहूंगा कि यह जो 10 प्रति ात की रिजर्वे ान है, यह बहुत थोडी है। 35 प्रति ात लोागें के लिये मेरा तो यह सुझाव है कि कम सेकम 25 प्रति ात रिजवे ान होनी चाहिये ताकि जो लेाग हजारों सालों से पिछडे हुये हैइनकों हम कुछ उपर उठासके।

श्री अध्यक्षः फिर ऐक्स–सर्विस मैन का क्या होगा? ((व्यवधान एवं भाोर)

चौधरी हुक्म सिंह : अगर हमने समाज में सबकों बराबर का हिस्सेदार बनाना है तो इसके लिये जिस प्रकार से हरिजनो की भलाई के लिये हरिजन कल्याण निगम है उसी तरह

से बैकवर्ड क्लासिज के लिये भी कोई ऐसी ही निगम बनायी जोय ताकि ये लोग भीछोटे – मोट करखाने लगासकें और उंचे उठकर दस्तकारो का नाम उंचा कर सकें। यह काम तो कांग्रेस पार्टी ने आज तक नही किया यह तो उनकोजमीन के नाम पर आपस में लडा–लडाकर वोट हासिल करते रहे। मेरा सुजै ान यही हैकि इन लोगों को अधिक से अधिक कर्जै दियो जाये ताकि ये दस्तकार आदमी छोटे मोटे कारखाने लगा सकें और जो धन्धे बडे बडे सेठों औरसाहूकारों ने इनसे छीन लिये है, वे इनको वापिस मिल सकें। (धन्यवाद)

स्वामी आदित्यवेश (हथीन): अध्यक्ष महोदय, हमारेएक माननीयसदस्य श्री जय नारायण वर्मा जी ने जो प्रस्ताव इस हाउस में रखा है मै ंउसका समर्थन करनेके लिये खडा हुआ हूं । अध्यक्ष महोदय,हममें से ऐसी बात नहीं है कि कोई भाूद्र नही है। हमारे कई साथीविधायक ऐसे है जो बेकवर्ड क्लासिजसे ताल्लुक रखते हैऔर यहां पर चुनकर आये हुये है। मगर उनमें हीन भावना अभी भी यों की यों कायम है। कि हम भाुद्र जातिसे सम्बन्ध रखते हैं। भाुद्र किनको कहा जाता है? मनुस्मृति में मनु जी महाराज ने यह कहा है ''जन्मना भाूद्रों अजायतः'' जन्म से जाति नहीं कर्म से ही जाति होती है। जन्म से सभी भाूद्र होते है। मुझे बडे दुख के साथ कहनापडता है कि हमारे एक साथी श्री बूरा साहब ने यह कहा कि मैं इसका विरोध करता हूं। यह सच्चाई की बात है कि हमारे पलवल क्षेत्र में जब मेरे पास कुछ गरीब हरिजनव बैकवर्ड क्लासिज

वाले कटाई के टाईम आये और उन्होनेअपनी बाते मुझे बताई तो मैं ने वहांके लोगों से यह कहा कि भई आप इनकों 5 की बजय 7 पूलीदे दो। मैं सदन मे यह बतानाचाहता हूं कि सरकार तो समय समय पर प्रयास करती रहती है लेकिनहम भाइयों कोभी इनके लिये कुछ न कुछ सोचना चाहिये। हमारी सरकार ने तो समय– पर इनकों उभारने का काफी प्रयास किया है और वास्तविकता यह है कि अगरसरकार इनके लिये कोई प्रयास न करे तो लोग तो इनकों गांव में न जीने दें। गांवमें इन लोगों को दूसरे लोग बाने भी न दें यह हकीकत है कि जो पिछडी हुई जातियों के लोग है, चाहे वे भंगी है, चमार है, चूडे है, या सांसी है इनकों बडे बडे लोग मजबूर करतेहै। कि वे चोरी करें। चोरी करके जो कुछ लेकर वे आते है, उनमें से आधा हिस्सा वे लेते हैं। क्रिमीनल बेचारे वे कहलाते है, जेलों की सीख्चों में इनको जानापडता है लेनिक वेलोग आधा हिस्सा बैठे बिठायें ले जाते है । (व्यवधान एवं भाोर)

श्री मूल चन्द मंगलाः अध्यक्ष महोदय , हमारे साथी स्वामी जी नेयह कहा कि कई स्वर्ण जाति के लोग उन लोगों को मजबूर करते है कि वे चोरी इत्यादि करे। उनकों ऐसे कोई बात नहीं कहनी चाहिये। कोई एक आध व्यक्ति ऐसा हो सकता है सारे नही। इसलिये मैं यह चाहूंगा कि स्वामी जी जनरल सी बात न करें जिसका सबूत न हो।

स्वामी आदित्यवे ाः मैंनेअध्यक्ष महोदय, किसी का नाम नही लिया। मैंने यह कहा है कि कुछ ऐसे लोग है जो है तो बडी

उच्चा जाति के , कारोबार भी उनके बडे उंचे है, लेकिन वे इन बैकवर्ड क्लासिज के लोगों को कई बार मजबूरकरते है कि वे चोरी इत्यादि करें। उनकेअपने बच्चों का लालन–पालन करने पर तो लाखों रूपय खर्च हो जाते है, पडसई वर्गरह के लियेवेअपने बच्चों को दे दे ा यादे ा में कहीपर भी भेज सकते है लेकिनउनके यहां पर जो उनके बच्चों का लालन–पालन करने के लिये लोग रखे जाते है उनको सिवाय रोटी और कपा के वे दे नहीं सकते। जब उनको यह कहा जाता है कि वे बेचारे भी तो आपके परिवार के हीसदस्य है तो वे यह कहते हैकि ये तो नीच है, ये तो कमीन है। आज यूरोप जैसे दे ा हमारे से आगे क्यो बढ गये है। वहां पर सबसे ज्यादा वेतन और सबसे ज्यादा वेतन और सम्मान वहां पर भंगी को दिया जाता है। लेकिन हमारे यहां स्थिति बिल्कूल उल्ट है। जब हम स्वर्ण जाति वालों से यह कहते हैकि आप इनको इनकी मजदूरी थोडी सी ज्यादादो, तब वह एक पैसा भी ज्यादा देने के लिए तैयार नही होते। अभी पिछले दिनों ऐसी ही एक बात पीपरा में हुई औरवहा। पर एक कांड हुआ। वहां के गरीब लोग यहकहते थे कि आप हमें मजदूरी क्योंकि सरकारने बढा दी है इसलिये बढी हुई दो, लेकिनवहां के दूसरे लोग उन्हे देने को तैयार नही थे। उनको बढी हुई मजदूरी देने के स्थान परवहां पर 14 आदमियों को जिन्दा जलादिया गया। मैं यह चाहता हूं कि हम सब लोग सदन में बैठ कर आत्म निरीक्षण करें।पिछले चुनावों के दौरान कितने ही गावें मे हरिजनों को वोट नहीं डालने दिया गया। (व्यवधान एवं भाोर)

श्री भले रामः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। स्वामी जी कहरहे है किहरिजनों को वोट नहीं डालने दिया। यह बिल्कुल गलत बात है। अध्यक्ष महोदय, सभी हरिजनों ने अपनी मर्जीसे वोट डाला था, किसी को भी नहीं रोका गया । (व्यवधान एवं भाोर)

स्वामी आदित्य वे ाः अध्यक्ष महोदय, डाक्टर मंगल सैन हमारे बडे बुजूर्ग साथी हैऔर बडे योग्य साथी है लेकिनजब कभीबात भाुरू करते हैतोयही कहते हेकि जो कुछ कियावह हमने ही किया। दुनिया को बसाया गया है वह हमनेही बसाया है पहले कोई दुनिया नहीं थी। आज भी दुनिया हमारे इ ाारे पर ही चल रही हैं पंतग की डोरहमारे हाथ में है। जब हम चाहेगें इसको उडा देगें और जब चाहेगें इसको नीचे गिरा देगें (व्यवधान एवं भाोर)।

डा0 मंगल सैनः जनता पार्टी ने काम किया और आप भीउस पार्टी में भाामिल थे।

स्वामी आदित्यवे ाः अध्यक्ष महोदय, आज सैन्टर में कांग्रेस(आई) कीसरकार है और हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार है, जिसके नेताहमारे चौधरी भजन लाल है। उन्होने इस रिजर्वे ान की बात को माना है।

श्री रण सिंह मानः आन ए प्वायंअ आफ आर्डर। स्पीकर साहब, इस रेजोल्यू ान पर बोलते हुये काफी समय होगयाह`। अगला रैजोल्यू ान मेरा हे और उसमें येसारे प्वांयट कवर हो

जायेगें। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि समय के अभाव को देखते हुये इस रैजोल्यू ान पर डिस्थ ान बन्द कर देना चाहिये।

Mr. Speaker: I will aloow only one or two more members to speak after Swami ji and then this debate will close. Swami ji, please wind up.

स्वामी आदित्यवे ा: अध्यक्ष महोदय,मैंअभी खत्म करने जा रहा हूं। महात्मा गांधी ने कहा था कि ज्यादा नारेबाजी न करो।। हरि से तू मत प्रीत कर, तू कर हरिजन से प्रीति। अध्यक्ष महोदय, जब महात्मा गांधी सूट बूट पहन कर चम्पारन में आन्दोलन करने के लिये बये औरवहां पर देखा कि बहुत से भाइयों के पास कपडा तक पहनने के लिये नहींहै उन्होने उसी वक्त सूटबुट उतार दिये और घुटने तक धोती पहन ली और चादर ओढ ली और कहा किअगर इससे ज्यादा हम पहनते है तो हम चोर है। अध्यक्ष महोदय, अगर वास्तव में इन गरीब हरिजन भाइयों की हम मदद करना चाहते हैतो जितना हक हमारा बनता है अगर उससे ज्यादा हमारे पास हैतो उसको हमें समर्पण कर देनाचाहिये। केवल नारेबाजी से कुछ होनेवाला नहीं हैं इतना कहकर मैं समाप्त करताहूं औरअपने साथियों सेकहना चाहता हूं कि झूठी नारेबाजी से कुछ होने वाला नहीं है ।इसके साथ ही मैं इस प्रस्तावका समर्थन करताहूं और अपनीसरकार को बधाई देता हूं कि जिन बातों की प्रस्तावमें मांग की गईहै, करीब करीब हमारी सरकार नेउनको माना हैं।

चौधरीउदय सिंह दलाल(बादली): स्पीकर साहब, मैं आपका ाुक्रिया अदा करताहूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया है। स्पीकरसाहब, श्री जय नारायण वर्मा ने जो प्रस्ताव सदन में रखा हैउसके बारे में मैं आपकी मारफत सदन को बताना चाहता हूं किपिछलेतीस सालसे यह समस्याहल नहीं हो सकी और आज भी ज्यों की त्यों है। अध्यक्ष महोदय, कोई भी अच्छी बात जब कोई पार्टी रखती है तो कुछ लोग उसको हंसी में उडाकर सारी पार्टी के प्रोग्राम को खत्म कर देते है । असल में हमाराा मं ाायह होना चाहिये कि गरीब लोगों की भलाई के लिये चाहे कांग्रेस पार्टी कोई कानून बनाये चाहे जनता पार्टी कानून बनये औरचाहे लोक दल कानून बनाये हम सब लोगों को उसका समर्थन करना चाहिये। मैं स्वामी जी के उपर कोई पर्सनल अटैक नहीं करता लेकिनमैं कहना चाहता हूंकि ये महात्मा गांधी का हवाल दे रहे थे कि उन्होने सूटबूट उतार दिया औरघुटने तक की धोती पहन ली।मैं कहना चाहता हूं कि स्वामी जी इतना रूपया कमाते है,इतना टी.ए.,डी.ए लेते है, जहाजों में घूमते है, दौरा करनेकी बजाय अगर ये गरीबों के लिये आटा मांगना भाुरू कर दें तोकितना अच्छा रहे। ये टी.ए., डी.ए. और तनखाह कासारा पैसा अगर गरीबों में बांट दे तो गरीबों का कितना भला हो सकताहै?

श्री अध्यक्षः क्या पता है भाायद ये देते ही हों।

चौधरी उदय सिंह दलालः कहां देते है? ये जब जेल मे थे तो ढेरसारी रोटी खाते थे (व्यवधान)। स्पीकर साहब, मैं

कहना चाहता हूं कि फौजियों के लिये जितनी रिजर्वे ान है उसको स्ट्रिक्टली फालों करना चाहियें । अध्यक्ष महोदय ,आपको पता ही है कि लडाई मं जो लेाग मर जाते हे उनके बच्चे अनाथ हो जाते है। कितनी ही जवान लडकियां बेवा हो जाती है। इसलिये सरकार को फौजियों की रिजर्वे ान पर पूरी तरह अमल करना चाहिये ओर इसी तरह सेहरिजनों के लिये जो सीटें है वेउनकों मिलनी चाहिये। स्पीकर साहब, बैकवर्ड क्लासिज का जहां तक ताल्लूक हैलोकदल के सैन्टर्ल हाई कमान्ड का यह प्रोग्राम है कि इनकी पच्चीस परसैटं रिजर्वे ान होनी चाहियें। स्पीकरसाहब, लाहौर हाई कोर्ट के जज सर भाादी लाल ने हमको जाट नहीं माना बल्कि हमो बैकवर्ड माना था।बे ाक हमें भी इनकी सूची में भाामिल कर लिया जाये, हमें तो बडी खु ाी होगी।

स्पीकर साहब, हमारी पार्टी के प्रोग्राम के मुताबिक जो धन सबसिडी के तौर पर दे रहे है उसको गरीबों और हरिजनों की मददकेलिये खर्च किया जाना चाहिये। उस धन को उन लोगों कोदना चाहिये जो देहात में गरीब है या हरिजनहैऔरवे कोई इंडस्ट्री लगानाचाहते हैं। लेकिन आप लिस्ट देख लें सबसिडी का सत्तर लाख रूपया हरियाणा सरकार बडे बडे इुंडस्ट्रियलिस्टस को दे रही है बिरला और टाटा को हमारे द्वारा सबसिडी का दिया हुआ रूपया दिया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय यह रूपया हरिजनों को, बैकवर्ड क्लास के लोगों को और देहात के लोगों को, जो इंडस्ट्रीज लगाना चाहते है, मदद के तौर पर दिया जाना चाहिये।

मैं चौधरी भजन लाल जी को कहनाचाहता हूंकिउनकी सरकार को कोई ख,ातरा नहीं है .....

Mr. Speaker: No personal attack please. It should not be recorded.

चौधरी उदय सिंह दलालः स्पीकरसाहब, हम तो चाहते है कि बैकवर्ड क्लासिज के लिये एक कार्पोरे न बनाई जाये और इनको ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें मिले।एक वजीर भीबेकवर्ड क्लास का हल्फ ले हमें तो तब ज्यादा खु ाी होगी। अध्यक्ष महोदय, आज तो हालत यह है कि गांवों मं जो मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार है उनके लिये मिट्टी खोदने की जगह नही ंहै। आज बिरलाऔर टाटा को सबसिडी दी जा रही है लेकिन कुम्हार के लिये मिट्टी खोदने की जगह नहीं है। सपीकर साहब, ब मै ंइतना कह करखत्म करताहूं औरसरकार सेऔरसदन के सभीमैंबर्ज से प्रार्थना करता हू कि समाज के जो कमजोर लोग हैहरिजन है और बैकवर्ड क्लास केभाई हैउनकी हरतरह से मदद की जाये इन भाब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थनकरता हूं।

चौधरी रिजक राम (राई): स्पीकर साहब, आज सुबह से इस प्रसतावपर चर्चा चल रही हैं स्पीकरसाहब,असल मं इस प्रस्ताव का मकसद यह है कि हमारेसमाज में जो गरीब औरबैकवर्ड लोग है उनकोक्या रियायत दी जाये और किस तरह से उनकी हालत को सुधारा जाये। अध्यक्ष महोदय, यह प्र न पिछले तीस साल से जब से दे ा आजाद हुआ है सरकारके सामने हैऔर यह

बात भी सब मानते है कि पिछले तीस साल में जो लोग गरीब थे वे औरगरीब हो गयेऔर जो अमीर थे वे औरअमीर हो गये। स्पीकर साहब, कल ही प्रधानमंत्री ने लोकसभा मेंकहा है कि हमारे देहातो में 54.09 प्रति ात ऐसे आदमी है जो गरीबी के रेखा से नीचे है, जिनका गुजारा भी नहीं चलता हैं ऐसे लोग हमारे प्रान्त में भी है औरउडीसा में ऐसे लोगो की संख्या71 प्रति ात के करीब हैऔरये लोग देहात में बसने वाले हैंस्पीकरसाहब, आज हमारेसामनेसबसे गम्भीर बात यह है कि जिन लोगों का गुजारा नही हो रहा है जो गुजारे की रेखा से नीचे है उनको किस तरह से गुजारा दे सकते है, किस तरह से ऐसे जराये पैदा कर सकते हैजिससे उनका भला हो सके।। स्पीकरसाहब,गरीबी किसी एक बिरादरी में नही है गरीबी किसी वि ोश समुदायमें सीमित हो, ऐसी बात नहीं है। हमदेखते हैकि जैस मजदूर लोग ह ै वे तो किसी तरहसयेअपना गुजारा चला रहे है लेकिन जो बैकवर्ड क्लास के लोग है जैसे तरखान है और लकडी काकाम करते हे जो लोग कुम्हार का काम करते हैउनकी हालत इन तीस सालमें कमजोर हुई है। अध्यक्ष महादेय आपको पताहोगा कि पहलेसमय में आप जब बाजारमें जाते होगेंतोकुम्हार द्वारा बनाये गये बर्तन आपकोंवहां से मिलते होगें जो कि भाादियों केमोकों पर भी इस्तेमाल हुआ करते थे लेकिन जब से मार्किट में पिच्र प्यालियां वर्गरह आगई तबसे उन बेचारो का ध्न्धा बिकुल बन्द होगया और वे बेचारे इस गरीबी की रेखा के नीचे आ गये। इसी तरह से तरखान और लोहार काम है। जब से बैंक और टयूबवैल आ गये है उसदिन से

इनका बिजनैस भी बिल्कुल बन्द होगयाहै औरकाम बिल्कुल मन्दा पड गया है। इसी तरह से अध्यक्ष महोदय कोटेज इंडस्ट्रीज जो देहात में थी, सारी कीसारी बैकवर्ड के हाथों में थी लेकिन जब से दे ा में ने ानेलाईजे ान हुई, घीरे–धीरे कौटेज इंडस्ट्रीज खत्म होती चली गई जिसके कारण दे ा में गरीबी और ज्यादा बढ गई।

अध्यक्ष महोदय, इस तरह से मैं आपको औरभी बताना चाहताहूं कि इस वक्त जो गांवमें किसान है, वेबराये नाम के किसान रह गये है और उनके पास बहुत थोडी जमीने है। किसी के पासएक एकड, किसी के पास दो एकड और किसी किसी केपास मु कल से एक बीघा जमीन होगी और हरियाणा में 100 में से 39 परसैन्ट किसान ऐसे होगें जिनके पास का त करने के लिये कोई जमीन नहीं है। और 53 परसैन्टकिसान ऐसे है जिसके पास ढाई एकड या इससे कम जमीन होगी। आप इस बात को अच्छी तरह से जानते हेकि ऐसी हालत में किसान किस तरहसे अपनेबच्चों का पालन पोशण करते होगें आज जितनी पैदावार किसानकरता है, उससे तो उसका खर्चा भी पूरा नही होताहै औरवह कर्जे के नीचे दबा हूआ है, चाहे बैंक काकर्जा हो, चाहे किसी औरजगह का कर्जा हो। इसके साथ–साथ मैं यह कहूंगा कि जो देहातों के पुरानेकिसान है,उसको आदरऔर मान काकुछबहम सा है। वह बेचारा सडकों पर रोडी नही कूट सकता, मिट्टी नहीं डालसकता, जिस तरह सेकि मजदूर डालताहै और उसकी हालत

एक मजदूर से भी बदतर है वह गरीबी की रेखा केनीचे बुरीतरह से पिस रहा है। इसलिये अगरदेखा जाये सही मायनों में किसी में गरीबी है तो ऐसे लोगों में है इन की तरफ सरकार को खास तवज्जो देनी चाहिये औरउन लोगों की हालत कोसुधारना चाहिये जोकि इसवक्त गरीबी की रेखाके नीचे पीस रहे है। आज लोग इस तरह से गरीबी में रह रहे हैकि वेअपने बच्चों का पढा नही सकते है, नौकरियों उनको नही मिलती हे क्योकि वे पढे लिखे नही है। भार्म केमारे मजदूरी भी उनके बस की बात नही है। अध्यक्ष महोदय, मुण्े इस बात की खु ाी है कि सरकार न इस तरॅफ थोडा ध्यान देते हूये बैकवर्ड क्लासिज के लोगों के लिये रिजर्वे ान 5 परसैनट से बढा कर 10 परसैन्ट कर दिया है यह अच्छी बात हे लेकिनउस वकत इस बात का फैसला किया गया था कि बैकवर्ड क्लासिजके साथ–साथ मार्जिनल फारमर्ज को भी जो भूख से मर रहे है जिनके बच्चे पढ नहीं सकते और जिन के पास कमाई के कोई साधन नहीं है रियायतें दी जायेगी। इसलिये मेरी मुख्यमंत्री महोदय से यह दरखास्त हैकि इन लोगों की हालत परभी पुन विचार रखें ताकि उनको इस गरीबी की रेखा सेउपर उठाया जा सके। उसके साथ–साथ मैं एक बार फिरसरकारसे कहूगां कि ऐसे जो मार्जिनल फारमर्ज है, उनको भी इस रिजर्वे ान के अन्दर रखा जाये। इन भाब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करताहूआ अपना स्थान लेने से पहलेआपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दियां।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य श्री जयनारायण वर्मा जी ने जो यह प्रस्ताव इस हाउस के सामने रखा है, यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव है इसमें कोई दो राय नही है। अध्यक्ष महोदय, जब यह दे ा आजाद हुआ, उस वक्त इस दे ाके महान नेताओं ने इस मसले पर बडी गहराई से सोचा और विचार यिका कि जो समाज के पिछडे हुयें वर्ग है दलित वर्ग है उनको उंचा उठाने के लिये क्या–क्या प्रयास किये जानेचाहिये और क्या उनको रियायते देनीचाहिये। उसके बाद हरिजनों को ही सही मायनपें में दे ा कापिछडा हुआ वर्ग माना गया और यह है भी सही औरफिर पूरी रियायतें और फैसिलिटीज हरिजनों को ही दी गई। आज हरिजन भाई अच्छी हालत में है पर मैं यह नही कह सकता कि सभी की हालत अच्छी है। कुछेक बुरी हालत में भी है। अध्यक्ष महोदय, अगर उस समय सरकार ऐसा न करती, यह राजनीतिक चेतना सामाजिक चेतना न लाई जाती तोआज राश्ट्र मे हरिजनों की ऐसी स्थिति न होती और हरिजन भाई, बैकवर्ड क्लासिज के लोगोंकी हालत और भी बिगड जाती।

अध्यक्ष महोदय, इससेआगे मैं हाउस को यह बताना चाहता हूं कि इनकी आबादीके लिहाज से चूंकि हमनेयह महसूस किया कि यह 5 परसैंट रिजर्वे ान बहुत थोडी है इसलिये हमनेयह परसैंटेज बढा कर 10 परसैन्ट कर दी है। (तालियां) अध्यक्षमहोदय श्री जय नारायण वर्मा जी ने मेरे उपरएक इलजाम लगायाकि मैन `उन से यह कहा थाकि पब्लिक सर्विस कमी ान का एक मैंबर

बैकवर्ड क्लासिज में से लिया जाएगा। मैने कोई इस तरह की घोशणा नहीं की थी, अखबारों में इन्होनेकहीं गलत पढ लिया होगा। अलबत्ता यह कहा था कि बेकव्र्ड भाइयों का पूरा ध्ययान रखा जायेगा और बोर्डो में बैकवर्ड क्लासिज के आदमियों को लगांऐगें। अध्यक्ष महोदय, यह पहली सरकार है जिसने एस0एस0एस0 बाोर्ड में एक बैकवर्ड क्लास के व्यक्ति को नियुक्त किया है। यह पहली सरकार है जिसने बिजली बोर्ड में बैकवर्ड क्लासिज के आदमी को भाामिल किया है। यह पहली सरकार है जिसने असिसटैन्ट ऐडवोकेट जनरलके पद पर एक बेकवर्ड क्लास के आदमी को नियुक्त किया है। (तालियां)

अध्यक्ष महोदय, इससे आगे मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि जिस तरह से एक हरिजन कल्याण निगम सरकार नेबनाया हुआ हे उसी तरह से बैकवर्ड क्लासिज के लोागों के लिये सरकार ने एक निगम बनाने का निर्णय लिया है।इसबारे में कुझे एक डैपुटे ान भी मिला था और मैने उन्हे वि वास भी दिया था कि इस तरह का एक निगम बनाया जायेगा औरइस मामले में सारी कार्यवाही पूरी भी हो गई है। सोमवार को कैबिनेट की मीटिंग हो रही है, उसमें यह मामला टेक–अप किया जायेगा। उसके बाद इस निगम की स्थापना कर दी जाएगी। जहां तक सुविधाएं देने का ताल्लूक है मैं आपकी मारफत सदन को वि वास दिलानाचाहूगां कि यह जो प्रस्ताव श्री जय नारायण जी ने रखा है, उनके जो विचार है, उनपर सहानुभूतिपूर्ण सरकार विचार करेगी और इस को

अमलीजामा पहनाने की सरकार पूरी कोि ा ा करेगी ताकि बैकवर्ड क्लासिज के भाइयों के साथ कि सी तरह का कोई भेदभाव न हो सकें इसलिये मेरी उन से प्रार्थना है कि वे इस रैजोल्य ान को वापिस ले ले क्योकि सरकार उनके प्रस्ताव पर जो विचार यहां पर रखे गये है उन पर सहानुभूतिपूर्ण विचार करेगी और जो सुझाव इम्पलीमेंट करने के योग्य होगें उनको इम्पलीमेंट करने में सरकारकी तरफ से कोइ कसर नही छोडी जायेगी।

श्री अध्यक्षः वर्मा साहब, क्या आप इस रेजोल्यू ान को वापिस लेना चाहते है?

श्री जय नारायण वर्माः स्पीकरसाहब, जब सभी बोलनेवाले माननीय सदस्यों ने, चाहे पक्ष के थे, चाहे वे विपक्ष के थे इस प्रस्ताव का समर्थन किया है तो फिर इसको वापिस लेनेकी बात ही नही है। इसकों तो पास किया जायें ।(ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लालः स्पीकरसाहब, फिरतो इस पर अभी और बोलना पडेगा। (ाोर एवं व्यवधान)

Dr. Mangal Sein: Speaker Sahib, it must be put to the vote of the House.

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब अगर ये वोटिग करवायेगें तो आपको पता है कि यह प्रस्ताव पास नहीं होगा और वह अच्छी प्रथा भी नहीं रहेगी। न यह इनके हम में होगा और न

हमारे हक मं । इसलिये मैं एक बारफिर प्रार्थना करूंगा कि इनके हित में यही है कि ये इस प्रस्ताव को वापिस ले ले । अगर ये वापिस नहीं लेना चाहते तो स्पीकरसाहब, आप इस परडिबेट जारी रखने की कृपा करे।

चौधरीजगजीत सिह पोहलू(पाई): स्पीकर साहब, जो रैजोल्यू ान आज मेरे भाईने यहां पर पे ा किया इसके बारे में मुख्यमंत्री जी ने बहुत वि वास दिलवा दियाहै। स्पीकर साहब, चौधरी भजन लाल की सरकार आने के बाद इन्होने बैकवर्ड भाइयों की रिजर्वे ानको 5 प्रति ात से बढाकर 10प्रति ात कर दिया है । ऐसा काम आज से पहले किसी भी सरकार ने नही किया। दूसरेजिस तरह से हरिजन भाइयों केलिये एक हरिजन कल्याण निगम बना हुआ है उसी तरह से बैकवर्ड भाइयों के लिये भी हमारे मुख्यमंत्री जी ने एक निगम बनाने का ऐलान किया है। इन चीजों को देखते हेयू जितना भला बैकवर्ड क्लासिज काइस सरकार नेयिका है इतना और किसी सरकार ने आज तक नही किया। स्पीकर साहब,इसरैजोल्यू ान को लाने की आज जरूरत नही थी लेकिन ये जान बूझ करइसको लाये है औरयू झेठे मगरमच्छ के आंसू बहा रहे है ं स्पीकरसाहब, जो आदमी पहले ही गरीब लोगों काखून चूस रहे हो अगर उनको भी बैकवर्ड क्लास में रखा जाएगा तो इससे बडी दुख की बात और क्या हो सकती है? आज हमारे ये भाई कहते हे और खास करडा0 मंगल सैन जी ने कहा कि इस सरकार ने यह कर दिया वह कर दिया। मैं उनसे पूछना

चाहता हूं कि पिछले अढाईसालों के दौरान ये भी मिनिस्टर रहे है इन्होने उस दौरान क्या किया था?

चौधरी जय नारायणः स्पीकर साहब, मेराप्वायंट आफ आर्डर है। क्या लीडर आफ दि हाउस के बोलनेके बाद दूसरे मैंबरों को बोलने का अधिकार है क्योकि सारी बात तो मुख्य मंत्री जी ने क्लियर कर दी है?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, वह मैने कोई फाईनल रिप्लाई नहीं दिया था।

श्री अध्यक्षः चीफ मिनिस्टर साहब या किसी और मन्त्री को डिबेट में किसी भी टाइम पर इन्टरवीन करने काअख्तियार है। अभी डिबेट कलोज करने का एलान नहीं हुआ था। (विघन) मुख्य मंत्री या मंत्रत्री डिबेट के बीच में किसी भी मौके पर इन्टरवीन कर सकते हैं इनके बोलनेपर कोई पाबन्दी नही है। इसलिये अब डिबेट जारी रहेगी।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः स्पीकर साहब मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि हूं सभी गरीब आदमियों से पूरी हमदर्दी है। जो भाई बैकवर्ड क्लास में आते हैजैस`झीवर , नाई , धोबी और दूसरी जातियों जिनकी एक किताब में लिस्ट हैइन सब गरीब भाइयों के साथ हमारी पूरी हमदर्दी है, हम इन्हे छातीसे लगाना चाहते है। इसके अलावा जो दूसरी जातियों जैसे ब्राहाण,बनिया या जाट है और दूसरी जातियों के गरीब भाई है अगर उनकी भी

मदद की जाये तो कोई बुरी बात नही है। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुयें) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं मुख्यमत्री जी से कहना चाहूंगा कि वे सैन्टर को एप्रोच करके इस जाति–पति को खत्म करवाएं। डिप्टी स्पीकर साहब, पिछले 30–32 साल से जाति पाति कम नही हूई है बल्कि औरज्यादा बढ गई है। ऐसा होने से बेवर्ड क्लासिज और हरिजन भाइयों का भला भ नही हुआहैं इसलिये मैं चाहता हूं कि सब को मिला कर एक जाति बना दिया जाये ताकि ाहम सब मिल कर प्यारसे रह सके। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं चाहता हूं कि इस जाति के भेद को छोड कर सभी क्लासेां की एक इन्सान की क्लास बना दी जाये। हमारेहिन्दुस्तान में अनेकों जातियां है इसलिये इन सब को नजदीक लाकर एक इन्सान नाम की जाति बना दिया जाये। परमाल्मा ने कोई जाति नहीं बनाई और न परमात्मा किसी के साथ भेदभाव करताहै। जाति तो आदमी के काम से बनी है। जाति पाति तो आदमी की हालात के मुताबिक बनी हैं इसलिये ऐसी जाति बनाई जाये जिसमें सबकों एक जैसा समझा जाये। मैं चाहता हूं कि गरीब आदमियों की आज आर्थिक हालत सुधारी जाये । जो बैकवर्ड क्लास के भाई आज वजीर बने बैठे है या जिनक`पास कारे और कोठियों है उनको इस क्लास से निकाल दिया जाये तो कोई बुरी बात नहीं । मैं चाहता हूं कि बाल्मीकि से लेकरब्रहाण तक जो गरीब आदमी है उनको एक ही जाति करार दिया जाये औरजो भाई पैसे वाले है उनकी दूसरी जाति बना दी जाये। डिप्टी स्पीकर साहब जब से यह सै ान चला हे यहां रोज इस मामले में रौला मचता है। अगर मेरे सुझाव पर

गौर किया जाये तो यह रौला खत्म हो जायेगा। अभी कमला वर्मा जी और मंगल सैन जी सरकार की नुक्ताचीनी कर रहे थे लेकिन इनके मुंह से कभी यह नहीं निकला कि भाहरी जायदाद पर पाबन्दी लगा दो। ये यह नहीं कहते कि जितने भी आमदनी के जरिये हैऔर अमीरों के पास जो इतनी कोठियां है, कारखाने है इससब को हरियाणा के गरीब आदमियों में बांट दे। मैं चाहता हूं कि जितनी भी किसी के पास फालतू सम्पति है उसको सब में बराबरबांट दो।

श्री मूल चन्द मंगलाः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है कि क्या यह रैजोज्यू न पर बोल रहे है?

चौधरीजगजीत सिंह पोहलूः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कहना चाहता हूं कि गरीब आदमी को भी बराबर का हम मिलें वह चाहता है कि उसे खाने के लिये रोटी मिलें, रहने के लिये मकान मिले और पहनने के लिये कपडे मिले। डिप्टी स्पीकर साहब आज गरीब ब्राहाण का बेटा औरगरीब बनिये का बेटा मारा मारा फिरता है उसको मजदूरी करने मे चूंकि भार्म आती है, इसलिये वह बेचारा गरीब भूखा मर रहा है। डिप्टी स्पीकर साहब, आज हरियाणा के पिछडे हुये वर्ग के लोग कर्जे से दबे हुये है चाहे कोई गरीब किसान है , चाहे कोई गरीब मजदूर है औरचाहे कोई भी किसी वर्ग का आदमी है सभी को कर्जो से राहत मिलनी चाहिये। उन पर रहम खाना चाहिये। जो गरीब लोग पिछडे वर्ग के लोग इस कर्जे से दबे हुये थे उनको सर छोटू राम ने कर्जे से छुटकारा दिलाया

था। सर छोटूराम ने आन्दोलन के जरियेसे कर्जे को खत्म किया। यदि सर छोटूराम ऐसा नही करते तो गरीबों का, पिछडे हुये लोगौं काखून चूसने वाले लोग उनका खून चूसते रहेतै। डिप्टी स्पीकर साहब मैं एक बात यह कहना चाहता हूं कि आज यहांहाउस में जो मेरे साथी बैठे है उनके दिल में यदि हमदर्दी हैचाहे कोई बैकवर्ड क्लास का वग्र हेचाहे कोई भाडयूल्ड कास्टस का है और चाहे किसी भी जाति का गरीब आदमी है, जब तक इस जातिवाद को खत्म नही कर दिया जाता तब तक उनकी हालत सुधर नही सकती। इसलिये मैं कहता हूं कि इस जातिवाद को खत्म करां डिप्टी स्पीकर साहब कैथल तहसील में एक सीवन गांव है उसमें नसंबदी के बारे में गरीबों पर गोलियों चली थी। वहां पर मैंने गरीबों के लिये अपना जीवन लडा दिया था और गरीबों कोमैने अपनी छाती से लगा लिया था क्योकि गरीबों के लिए मेरे दिल में बहुत हमदर्दी है। डिप्टी स्पीकर साहब, गरीबो की हालत तभी सुधर सकती है अगर उनको उपर उठाने के लिए लिफट दी जाये। (ाोर एंव विघन)

श्री रण सिंह मानः डिप्टी स्पीकर साहब, इस प्रस्तावपर केवल दो आदमियों को हीबोलना था। उसके बाद जो मेराप्रस्ताव है, बूढे आदिमियों को पैन् ान देने के बारे में उस विचार होना थां इस प्रस्ताव पर माननीय सदस्य काफी बोल चुके है। (ाोरएवं विधन)

श्री उपाध्यक्षः अभी इस प्रस्ताव पर डिबेट चल रही है इसके बाद आपका प्रस्ताव आयेगा। आप बैठिये। (ाोर एवं विधन)

श्री सुरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, यह बहुत जरूरी प्रस्ताव है और पब्लिक महत्वकी बात है इस प्रस्ताव पर हम सभी पार्टीसिंपेट करना चाहते हे इसलिये हमें इस प्रस्ताव पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए पूरा टाइम दियाजाये। (ाोर एवं विधन)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः डिप्टी स्पीकर साहब, चौधरी संत कंवर जी मेरे छोटे भाई है और चौधरी उदय सिंह दलाल जी मेरे बडे भाई है और बहुत सुलझे हुयें आदमी है लेकिन ये सबसे ज्यादा भाोर– ाराबा कर रहे है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं तो कहता हूं कि जाटों को भी इस लिस्ट में मिला दिया जाये , हरियाणा की 36 बिरादरी को इसमें मिला दिया जाये क्योंकि हमारे आपस में गोत मिलते है। डिप्टी स्पीकर साहब, जैसे कोई राठी जाट भाई है तो कोई राठी हरिजन भी है, पूनिया अगर कोई जाट भाई है तो पुनिया हरिजन भाई है। तो किस बात के लिए हमारे बैकवर्ड भाई ओर हरिजन भाई बैकवर्ड है जब कि हमारे गोत से उनका गोत मिलता है? डिप्टी स्पीकर साहब, जब हमारे आपस में गोत मिलते है और सबका आपस में भाईचारा है तो यह रिजर्वे ान की सूखी लडाइे हैं इन जातियों में भी बहुत तगडे भाई है। मेरे कहने का मतलब है कि समाज में जो बुराइयों है, समाज में जो झगडे है वह कुछेक लोगों ने पैदा किये हुये हे जैसे

गांव–गांव में जतिवाद का बडा मामला फैला हुआ है औरकुछ भाइयों ने तो जाति पाति का प्रचार करके हमारे गांवों में माहोल हीखराब कर दिया है। अगर उस माहौला को ठीक करना है तो इस जाति पाति के नाम को ही उडा दो वरना हरियाणा में खून खराबा होने का डर है। डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे मुख्य मंत्री चौधरी भजन लाल जी बहुत सुलझे हुये लीडर है बहुत तगडे चीफ मिनिस्टर है। ये इस बेकवर्ड वर्ग के लिए दिन रात बहुत काम करते है और इन्होने हरियाणा के एक–एक गावं में जा कर इस जातिवादके सवाल को बहुत कम कर दिया है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक बात और कहना चाहता हूं अगर गांवों की हालत को ठीक रखना है और हमें किसी ब्याह भाादी में इकट्ठे रहने देना है तो मैं एक तोड की कहता हूं कि इस जातिवाद के और इस रिजर्वे न के झगडें के नाम को ही खतम कर दें। इस झगडे को खत्म किये बगैर हमारा काम नही चल सकता। डिप्टी स्पीकर साहब, जो गांवों में 36 बिरादरी होती हैजैसे हरिजन भाई हैवह गांव में सफाई का काम करता है, लोहार है वह किसान को हल बना कर देताहै,उसकी फाली में डंक निकालता है और ताकू में बल पड जाये तो उसका बल भी निकालता है ओर चक्की में हथेली भी घाल देता है। इसके अलावा जो झीवर भाई है व ह पानी भरता हेऔर तूत काटकर टोकरे बनाता है। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे कहने का मतलब यह है कि अगर इन 36 बिरादरियों को इक्ट्ठा करना है तो इनकी आर्थिक हालत को सुधारे और जातिवाद का नारा न लगने दे । आज हरियाणा का गरीब आदमी

बडे जमीदारों और साहुकारों के कर्ज के नीचे दबा हुआ हैं वे उसको पैसा देते नही है और अपनी बही खातों में लिख देते हैं। मेरे कहनेका मतलबयह है किउनकी आर्थिक स्थिति को सुधारा जाये। डिप्टी स्पीकर साहब, एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो गरीब आदमी है, जो गरीब इलाका है उसकी तरफ वि ोश ध्यान दिया जाये। जेसे पेहोवा का इलाकाहै जहां के हमारे मिनिस्टर सरदार तारा सिहं जी है, गूहला का इलाका है और कैथल का इलाका है। ये इलाके आर्थिक दृश्टि सेबहुत ही कमजोर है। इनका सुधार किया जायें डिप्टी स्पीकर साहब, आज गांवों की 36 बिरादरी, बाल्मीकि भाइ से लेकर ब्राहाण तक चाहे वह खेत मै जाये चाहे कही जाये .....(ारे एवं विधन)

Shri Baldev Tayal: On a point of order, Sir. Thehon. Member has been speaking for more than half an hour. I draw you attention to Rule 72, which says-

"No speech during the debate shall exceed fifteen minutes in duration."

Sir, I want your ruling as to whether this Rule applies to the Opposition or to the Treasury Benches also?

Mr. Deputy Speaker: I will give my ruling.

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: डिप्टी स्पीकर साहब, मैंअपने इलाके कैथल के बारे में यह बात कहता हूं कि उस इलाके में एक गरीब हरिजन से लेकर ब्रहाण तक मैं समझता हूं 95 प्रति ात आबादी जिनके यहां बेचारों के चाहे कोई ब्याह भाादी हो

और चाहे सगाई हो और चाहे कोई मुकान देने जाये। (ाोर एवं विघन)

श्री बलदेव तायलः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं अपने प्वायंट आफ आर्डर पर आपकी रूलिंग चाहता हूं।

Mr. Deputy Speaker: I Will give the ruling.

Shri Baldev Tayal: When there is a duration of 15 minutes to speak and he has been speaking for more than half an hour, I want that he should dis-continue his speech. I want your ruling as to whether this rule applies to the Opposition only or to theTreasury Benches also?

चौधरी भजन लालः डिप्टी स्पीकर साहब, इस रैजोल्यू ान पर बहुत से मैंबर बोलनाचाहते हैं जो बोलना चाहते हे उनको ये कैसे रोक सकते है?(व्यवधान) इस पर हाउस की सैंस चाहिये और वह पहले से ही ले ली गई है।

चौधरी राम लाल वधवाः अगर हमारी तरफ से किसी मैंबर को बोलते हूये एक मिन्ट भी ज्यादा हो जाये तो कम से कम बीस बार घंटी बजती है और स्पीच खत्म करनी पडती है। (व्यवधान)

(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुये।)

Shri Baldev Tayal: Mr. Speaker, I have already quoted Rule 72. I want to know whether, the time limit of 15

minutes speech is applicable only to the Opposition or is it applicable to the Treasury Benches also?

Mr. Speaker: My ruling is that Rule 72 is applicable only to a motion of adjournment and it has go no relevancy with this discussion.

चौधरी लाल सिंह : रूल किसी की भावनाको कैसे दबा सकता है? (हंसी)

चौधरी जगजीत सिह पोहलू: स्पीकर साहब,मैं अपने इलाके के पिछडे हुये लोगों की हालत के बारे में बतारहा था ....(व्यवधान)

